अपील एल आर–18 / 2016 **मूलसिंह बनाम सरकार व अन्य**

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 2016 / 00148 अभि0 अपी0– **मौहम्मद इकबाल** अभि रेस्पो. संख्या 01 – बी0एस0 शेखावत	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25.11.2019	पत्रावली आज पेश हुई। अपीलार्थी अभिभाषक श्री मौहम्मद इकबाल उपस्थित। प्रत्यर्थी संख्या 01 के अभिभाषक अनुपस्थित। पत्रावली मे रेस्पोडेन्ट संख्या 02 की तलबी हेतु दिनांक 06.01.2020 की पेशी नियत है। पत्रावली आज अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा दिनांक 19.11.2019 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वास्ते विड्रो किये जाने अपील के आधार पर पेश हुई है। अपीलार्थी अभिभाषक की ओर से दिनांकित 19.11.2019 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो किये जाने पर उनकी बहस सुनी गई। अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांकित 19.11.2019 पर बहस मे कमोबेश प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यो को ही दोहराते हुए निवेदन किया गया कि इस उनवान अपील से संबंधित कारण समाप्त हो गया है जिसके कारण अपीलार्थी द्वारा उपरोक्त अपील को विड्रो करने की हिदायत प्रदान की गई है। इस कारण उपरोक्त अपील को न्यायहित मे विड्रो करने की स्वीकृति प्रदान किया जाना आवश्यक है। अपील से संबंधित नामान्तकरण अपीलार्थी के हक मे निर्णित हो गया जिससे अपील को अपीलार्थी आगे चलाना नही चाहता है और विड्रो करना चाहता है। अन्त मे अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा निवेदन किया गया है कि अपील को आज ही सुनवाई के लिए तलब कर विड्रो की स्वीकृति प्रदान की जावें। पत्रावली का अवलोकन किया गया। विड्रो प्रार्थना पत्र अवलोकन किया गया। पत्रावली मे प्रत्यर्थी संख्या 01 की तलबी हो चुकी है तथा प्रत्यर्थी संख्या 02 की तलबी हेतु अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा नोटिस पेश किया जाना शेष है। अधिनस्थ न्यायालय का रेकार्ड प्राप्त हो चुका है। अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र न्यायहित मे स्वीकार किये जाने योग्य प्रतित होता है। अतः न्यायहित में अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांकित 19.11.2019 वास्ते विड्रो किये जाने अपील स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है तथा अपीलार्थी अभिभाषक की प्रार्थना पर अपीलार्थी की अपील का विड्रो के आधार पर निस्तारण करते हुए इसी स्तर पर अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	25/11/19

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxmi Narain Meena
Date: 2019.12.26 12:15:15 IST
Reason: SelfAttested